Candidate must not write on this margin.

**CSM—71/24**

**PART—II/PAPER—VII**

**HINDI**

**PAPER—II**

**Time : 3 Hours**

**Full Marks : 250**

*The question paper contains* **18 (Eighteen)** *questions in* **GROUP—A, (12)** *and* **GROUP—B, (06)** *together.*

## GROUP—A

निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न **15** अंकों का है।

1. पठित साखियों के आधार पर कबीर के मतानुसार 'सुमिरण' के महत्व का प्रतिपादन कीजिए।

2. नागमती-वियोग वर्णन की मार्मिकता पर प्रकाश डालिए।

3. "सूरदास ने 'भ्रमरगीत' के माध्यम से भक्ति मार्ग की सरलता और सहजता का प्रतिपादन किया है।" समीक्षा कीजिए।

4. 'श्री रामचरितमानस' के सुंदरकांड की लोकप्रियता के कारणों का विवेचन कीजिए।

5. 'कवितावली' के काव्य-सौष्ठव का उत्तरकांड के आधार पर विवेचन कीजिए।

6. 'राम की शक्तिपूजा' में अभिव्यक्त राम के अंतर्द्वंद्व को सोदाहरण विश्लेषित कीजिए।

7. "चिंता सर्ग 'कामायनी' की कथा का बीज-रूप है।" इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए चिंता सर्ग के महत्व पर विचार कीजिए।

8. "'कुकुरमुत्ता' में निहित व्यंग्य विविध क्षेत्रीय और तीव्र हैं।" सोदाहरण विवेचना कीजिए।

9. "वस्तु और शिल्प उभय रूपों में 'कुरुक्षेत्र' सशक्त रचना है" पर अपने समीक्षात्मक विचार व्यक्त कीजिए।

10. 'पद्मावत' के सिंहलद्वीप-वर्जन की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

11. 'सुंदरकांड' के आधार पर हनुमान के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

12. "'राम की शक्तिपूजा' महाकाव्य की गरिमा से युक्त है।" समीक्षा कीजिए।

Candidate must not write on this margin.

## GROUP—B

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न **20** अंकों का है।

13. 'अंधेर नगरी' के कथानक और उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

14. 'कविता क्या है?' निबंध के आधार पर कविता की भाषा के संबंध में आचार्य शुक्ल के विचारों का विश्लेषण कीजिए।

15. गुलाबराय द्वारा लिखित 'भारतीय संस्कृति' निबंध की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

16. 'दिव्या' उपन्यास के आधार पर दिव्या के चरित्र की विशिष्टताओं का निर्धारण कीजिए।

17. 'मैला आँचल' में अभिव्यक्त डॉ० प्रशान्त के कार्य-कलापों को दृष्टिपथ में रखकर उसका चरित्रांकन कीजिए।

18. नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'आषाढ़ का एक दिन' की समीक्षा कीजिए।

★★★

**SPACE FOR ROUGH WORK**

Candidate must not write on this margin.

## SPACE FOR ROUGH WORK

Candidate must not write on this margin.